समाचार
गृहमंत्री करेंगे महापौर कप फुटबाल टूर्नामेंट का समापन
(21 सितम्बर को शाम 4 बजे सेन्ट्रल स्टेडियम में)

कोरबा 19 सितम्बर 2013 – प्रदेश के गृह, जेल एवं सहकारिता मंत्री श्री ननकीराम कंवर अंतरवार्ड फुटबाल टूर्नामेंट 2013 (महापौर कप) का समापन करेंगे, इस मौके पर महापौर श्री जोगेश लाम्बा तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। एस.ई.सी.एल. कोरबा के सेन्ट्रल स्टेडियम में 21 सितम्बर को शाम 4 बजे प्रतियोगिता का समापन होगा।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 13 सितम्बर से अंतरवार्ड फुटबाल प्रतियोगिता 2013 (महापौर कप) का आयोजन किया जा रहा है, प्रतियोगिता का उद्घाटन छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक के करकमलों से 13 सितम्बर को किया गया था, प्रतियोगिता में निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न वार्डो की टीमों ने हिस्सा लिया है। 21 सितम्बर को प्रतियोगिता का समापन गृहमंत्री श्री ननकीराम कंवर के मुख्य आतिथ्य में होगा तथा इस मौके पर महापौर श्री जोगेश लाम्बा, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षद एवं एल्डरमेनगण तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

वार्ड क्र. 20 की टीम पहुंची फायनल में– अंतरवार्ड फुटबाल प्रतियोगिता 2013 (महापौर कप) का आज प्रथम सेमीफायनल मैच खेला गया। वार्ड क्र. 14 एवं वार्ड क्र. 20 की टीमों ने सेमीफायनल का मैच खेला, जिसमें वार्ड क्र. 20 की टीम ने जीत हासिलकर फायनल में अपनी जगह बनायी। इसी प्रकार 20 सितम्बर को दोपहर 2 बजे वार्ड क्र. 18 एवं वार्ड क्र. 51 के बीच दूसरा सेमीफायनल मैच होगा। आज संपन्न प्रतियोगिता में निर्णायक सज्जी टी. जान, एस. एन. झा, बीनू वर्गीस, ए.के. गोस्वामी, अमन नागरा, बबलू लोहार, मितेश डेनियल आदि ने सफलतापूर्वक निर्णायक की भूमिका निभायी, वहीं जिला ओलम्पिक संघ के सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, शेख जावेद, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से खेल प्रभारी रामकृपाल साहू, राजेन्द्र यादव, तरूण गोस्वामी, अनीश केलब, रंजीत पुरी, निगम सचिव पवन वर्मा, अनुभाग अधिकारी गिरीश साहू आदि की उपस्थिति रही।

21 सितम्बर को होगा फायनल मैच– अंतरवार्ड फुटबाल टूर्नामेंट 2013 (महापौर कप) का फायनल मैच 21 सितम्बर को अपरांह 3 बजे एस.ई.सी.एल. के सेन्ट्रल स्टेडियम में खेला जाएगा, इसके पूर्व दोपहर 1 बजे थर्ड पोजीशन के लिए सेमीफायनल की रनर टीमों के मध्य प्रतियोगिता होगी।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)